**Seventeenth Loksabha**

>

Title: Request to prepare a model of special Economic Zone at the disputed Border area in Aasam.

**श्री नव कुमार सरनीया (कोकराझार)**: सभापति महोदय, मैं असम के एक महत्वपूर्ण विषय पर आपका ध्यान आकर्षण करना चाहता हूं । महोदय, असम के साथ पड़ोसी राज्य अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मेघालय और मिजोरम का सीमा विवाद चल रहा है । कुछ महीने पहले मिजोरम बॉर्डर पर असम के पुलिसकर्मियों को भी मार दिया गया । यह सुनने में आया है कि असम सरकार अपना कुछ एरियाज पड़ोसी राज्यों के लिए भी छोड़ देने वाली है । असम सरकार का पहले से ही इस विषय पर थोड़ा सॉफ्ट कॉर्नर था । आपको पता है कि हमें अभी भी असम के विभाजित होने का गम है । हमारा बीटीसी भी अलग राज्य बनते-बनते रह गया ।

इसलिए केन्द्र सरकार से मेरा आग्रह है कि विवादित सीमा एरिया को केन्द्र सरकार की पहल से स्पेशियली इकोनॉमी जोन जैसा एक मॉडल बनाना चाहिए, जहां इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट हो और बॉर्डर बिजनेस सेंटर बने, जिससे लोगों को रोजगार मिले एवं वहां शांति कायम हो । अगर यह नहीं किया जाएगा, वे अगर अपने बहुमत के दम पर वह एरिया छोड़ देंगे, तो असम के लोग उसका जरूर बुरा मानेंगे ।